पुस्तकालय

3299
17/4/13

सत्यमेव जयते

असंशोधित

3 APR 2013

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग–2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

बि0स0मु0(एल0ए0वादवृत्त),184–डी0टी0पी0–1,500

प्रतिवेदन शाखा
पं०सं०प्रा०सं०...1056...तिथि 17/5/13

टर्न-35/ 03.04.13 विजय ।

क्रमांक-71 : श्री राहुल कुमार,स0वि0स0

अध्यक्ष: माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार । प्रस्ताव पुट किया हुआ है । माननीय मंत्री, स्वास्थ्य ।

श्री अश्विनी कुमार चौबे,मंत्री: वस्तुस्थिति यह है कि खिजरसराय सड़क पर ट्रॉमा सेंटर का निर्माण का प्रस्ताव अभी केन्द्र सरकार के विचाराधीन नहीं है । पूर्व से केन्द्र द्वारा एन0एच0 के लिए स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के बाद ही कोई राजकीय पथ पर नया प्रस्ताव भेजना संभव हो पाएगा । इसलिए मैं आग्रह करूंगा कि वे प्रस्ताव अपना वापस ले लें ।

अध्यक्ष: क्या मा0 सदस्य, श्री राहुल कुमार अपना प्रस्ताव वापस लेंगे ?

श्री राहुल कुमार: अपना प्रस्ताव वापस लेता हूं ।

अध्यक्ष: सदन की सहमति से मा0 सदस्य, श्री राहुल कुमार का प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्रमांक- 78 : श्रीमती दिलमरणी देवी,स0वि0स0

अध्यक्ष: मा0 सदस्या, श्रीमती दिलमरणी देवी ।

(अनुपस्थित)

क्रमांक- 101 : श्री छेदी पासवान,स0वि0स0

अध्यक्ष: मा0 सदस्य, श्री छेदी पासवान ।

(अनुपस्थित)

क्रमांक-110 : श्री सदानंद सिंह, स0वि0स0

अध्यक्ष: मा0 सदस्य, श्री सदानंद सिंह ।

(अनुपस्थित)

क्रमांक-116 : श्री चन्द्रशेखर, स0वि0स0

अध्यक्ष: मा0 सदस्य, श्री चन्द्रशेखर ।

(अनुपस्थित)

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री: महोदय इस ओर जरा देखिये सदन की कार्यवाही चल रही है और मुख्य विपक्षी दल के एक भी सदस्य सदन में नहीं है । ये तो पूरी संसदीय प्रणाली और इस सदन की अवमानना की बात उठती है। लगता है कि इनलोगों का धीरे धीरे इस प्रजातंत्र में और इस व्यवस्था में विश्वास खो रहे हैं क्या ? या हताश होते जा रहे हैं । एक भी सदस्य मुख्य विपक्षी दल का सदन में उपस्थित नहीं हो यह तो बड़ा ही काला दिन है और यह बहुत ही ।